गुरुवार
27 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




खसरा से बचाव के लिए अभिभावक अनिवार्य रूप से कराएं बच्चों को टीकाकृत 2


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर के पास घात लगाए नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट से वाहन उड़ाया, एक नागरिक की भी मौत

# छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला, 10 जवान शहीद

### लाल आतंक

- धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर गहरा गड्ढा हो गया
- ब्लास्ट के लिए 50 किलो से ज्यादा विस्फोटक का किया गया था इस्तेमाल

**एजेंसी/दंतेवाड़ा**

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार दोपहर को नक्सली हमले में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के 10 जवान शहीद हो गए। नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाने के लिए उनके वाहन को आईईडी विस्फोटक से उड़ा दिया। इस हमले में वाहन के चालक की भी मौत हो गई। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान सर्चिंग के लिए निकले थे। इसके बाद वह बारिश में फंस गए। टीम उन्हीं जवानों को लेने के बाद लौट रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर गहरा गड्ढा हो गया। बताया जा रहा है कि इस ब्लास्ट के लिए 50 किलो से ज्यादा विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। नक्सली हमला अरनपुर मार्ग पर पालनार के पास हुआ। जानकारी के अनुसार हमले के बाद जवानों की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। इसमें कुछ नक्सली भी घायल हुए हैं। हमले की सूचना मिलते ही बैकअप के लिए फोर्स को मौके पर रवाना कर दिया गया। इसके साथ ही वहां सेना के अफसर और एसपी भी पहुंच गए। गृहमंत्री अमित शाह ने भी नक्सली हमले को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बात की है। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।







शहीद जवानों में हेड कॉन्सटेबल जोगा सोढी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, जोगा कवासी, हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम और जगदीश कवासी शामिल हैं। वहीं हमले में निजी वाहन के चालक धनीराम यादव की भी मौत हो गई है। नक्सली हमले को लेकर बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने पांच दिन पहले ही आशंका व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि, हर साल गर्मी में नक्सली वारदातें बढ़ जाती हैं। ऐसे में सुरक्षाबलों पर हमला और अन्य हिंसक गतिविधियां होती हैं। हालांकि आईजी ने यह भी कहा कि जवानों के बढ़ते दबाव के कारण 2022 में नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे पाए थे और 2023 में भी हम उनकी साजिश नाकाम करेंगे।

### समझें... क्या है डीआरजी

डीआरजी यानी डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, ये छत्तीसगढ़ पुलिस के स्पेशल जवान हैं। ये केवल नक्सलियों से लड़ने के लिए भर्ती किए गये हैं। इसमें सरेंडर करने वाले नक्सली और बस्तर के ही वातावरण में पले बढ़े लोग शामिल होते हैं।

### बस्तर में नक्सली चला रहे काउंटर ऑफेंसिव कैंपेन

बस्तर में नक्सली इस समय टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन चला रहे हैं। इस दौरान नक्सली अक्सर बड़े हमले करते हैं। इसके चलते फोर्स पहले से ही अलर्ट मोड पर है। इसी के तहत जवानों की भी सर्चिंग लगातार जारी है। पिछले सप्ताह बीजापुर कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर नक्सलियों ने हमला किया था। वह साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ सभा कर लौट रहे थे। इसके तीन दिन बाद नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर कैंपेन चलाए जाने की बात कही थी।

### दो साल पहले हमले में 22 जवान हुए थे शहीद

इससे पहले साल 2021 में अप्रैल माह में ही नक्सलियों ने सबसे बड़ हमला बीजापुर के तर्रेम क्षेत्र के टेकलगुड़ा में किया था। उस समय नक्सलियों ने बैरल ग्रेनेड लॉन्चर से हमला किया था। इसमें 22 जवान शहीद हुए थे और 35 से ज्यादा घायल हुए थे। नक्सली हमले के साथ ही जवानों से हथियार भी लूटकर ले गए थे। इसी दौरान नक्सलियों ने सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के जवान राकेश्वर सिंह मन्हास का अपहरण किया था। हालांकि बाद में उसे रिहा कर दिया था।

### छत्तीसगढ़ में 2010 से अब तक 5,000 से ज्यादा नक्सली हमले

नक्सलवाद को छत्तीसगढ़ में आतंक का दूसरा नाम माना जाता है। राज्य के कई इलाकों में नक्सलवाद का जहर पनप रहा है। लंबे समय से राज्य में नक्सलवाद की वजह से अब तक कई सैनिक शहीद हुए हैं। इतना ही नहीं, नक्सलवाद का असर राज्य की आम जनता पर भी पड़ा है और इस वजह से अब तक कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद कितनी गंभीर समस्या है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राज्य में 2010 से अब तक 5,000 से ज्यादा नक्सली हमले हो चुके हैं। इन हमलों में अब तक पुलिस और सेना के मिलाकर हजारों जवान शहीद हो चुके हैं।

### पीएम मोदी समेत विभिन्न नेताओं ने प्रकट की संवेदनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि, दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

अमित शाह ने ट्वीट किया कि दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए कायरतापूर्ण हमले से क्षुब्ध हूं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से बात की है और राज्य सरकार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। शहीद जवानों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि हम सब प्रदेशवासी शहीद जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके परिवारों के साथ दु:ख में हम सब साझेदार हैं। हम किसी को बख्शेंगे नहीं, नक्सलवाद को खत्म कर देंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा कि छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए कायरतापूर्ण नक्सली हमले में 10 जवानों और एक वाहन चालक की शहादत का समाचार दुखद है। इस कठिन वक्त में उनके शोकाकुल परिवारों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। सभी वीर शहीदों को मेरा नमन और श्रद्धांजलि।

### बिहार में पंचायत उपचुनाव के लिए 25 मई को पड़ेंगे वोट

**पटना।** बिहार में पंचायत उपचुनाव की तारीख की घोषणा हो गई है। पंचायत उपचुनाव के लिए 25 मई को वोटिंग होगी। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है। अधिसूचना के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। बिहार भर में जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच के कुल 3522 पदों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। पंचायत उपचुनाव के लिए जारी शेड्यूल के अनुसार, 2 मई को सूचना का प्रकाशन होगा। नामांकन 3 मई से लेकर 9 मई तक लिया जाएगाक नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 10 से 12 मई तक होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 15 मई है। वहीं, मतदान की तिथि 25 मई है। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराये जाएंगे। मतगणना 27 मई को होगा। मतगणना प्रखंड मुख्यालय में संपन्न कराए जाएंगे।

### पंजाब के पूर्व सीएम के निधन पर बिहार में दो दिन का शोक

**पटना।** पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल की मंगलवार की रात 95 साल की उम्र निधन हो गया। बिहार सरकार ने प्रकाश सिंह बादल के निधन पर दो दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। राष्ट्रीय शोक की सूचना पर बिहार में राजकीय शोक का ऐलान हुआ है। लिहाजा,बिहार के सभी सरकारी इमारत पर फहराया जाने वाला झंडा झुका रहेगा। प्रकाश सिंह बादल का 25 अप्रैल को निधन हुआ है। इस बाबत कैबिनेट सचिवालय ने चिट्ठी जारी कर दी है। इस अवधि में राजकीय समारोह, सरकारी मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

## पीएम मन की बात कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को तानाशाह कहा

**केटी न्यूज/पटना**

पीएम मोदी के 'मन की बात@100' पर दिल्ली में हो रहे राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक स्मारक सिक्का जारी किया। उन्होंने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि ये मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण पल है। मुझे सिक्का और डाक टिकट जारी करने के मौका दिया गया। आज अद्भुत प्रयोग के जरिए हमारे नेता के कार्यक्रम के सौ एपिसोड पूरा होने का अवसर है। उन्होंने एक भी एपिसोड में राजनीति की बात नहीं की।



अमित शाह ने कहा कि लोकतंत्र के अंदर जनसंवाद के अनेक माध्यम होते हैं और पीएम मोदी ने आकाशवाणी को जनसंवाद के लिए चुना। मैं बचपन से आकाशवाणी का बड़ा प्रशंसक रहा हूं। मैंने कई महत्वपूर्ण बातें आकाशवाणी पर सुनी हैं। बांग्लादेश पर भारत की विजय को मैंने आकाशवाणी पर सुना है। आपातकाल के बाद, एक तानाशाह की पराजय को सुबह 5 बजे आकाशवाणी के बुलेटिन पर सुना कि इंदिरा गांधी पराजित हो गई हैं। गृह मंत्री ने आगे कहा कि देश की शक्ति को संगठित करने का काम इस प्लेटफॉर्म के जरिए किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे लोकतंत्र में 2 बड़े योगदान किए हैं। एक, उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण से मुक्त किया है। दूसरा, उन्होंने पद्म पुरस्कारों का लोकतंत्रीकरण किया है। पहले पद्म पुरस्कार सिफारिश से मिलते थे। आज पद्म पुरस्कार छोटे से छोटे व्यक्ति लेकिन बड़ा योगदान करने वाले को दिया जाता है। आज सिर्फ परफार्मेंस ही मापदंड है, उससे लोकतंत्र को नई दिशा मिली।

## प. बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेन

**केटी न्यूज/पटना**

30 अप्रैल को होनेवाली पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने एक स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की है। यह ट्रेन 29 अप्रैल को पटना से और 30 अप्रैल को हावड़ा से चलेगी। पश्चिम बंगाल में होनेवाली इस परीक्षा के लिए पटना से बड़ी संख्या में कैंडिडेट्स के पश्चिम बंगाल जाने की संभावना है। इससे होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए ही रेलवे ने परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार के अनुसार, कैंडिडेंट्स की सुविधा के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा पटना और हावड़ा के बीच गाड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेन को चलाया जाएगा।

03252 परीक्षा स्पेशल ट्रेन पटना से शनिवार 29 अप्रैल को दोपहर 2 बजे खुलेगी और उसी दिन देर रात को 11:45 बजे हावड़ा पहुंचेगी। फिर वापसी में 03251 हावड़ा से रविवार 30 अप्रैल की रात 11 बजे खुलेगी और अगले दिन सोमवार को सुबह 10 बजे पटना पहुंचेगी।

अप और डाउन में यह स्पेशल ट्रेन बख्तियारपुर, मोकामा, लखीसराय, किउल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चितरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान व बंडेल स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल ट्रेन में सेकेंड एसी के 2, थर्ड एसी के 4, स्लीपर क्लास के 14, जनरल क्लास के 2 और एसएलआर के 2 सहित कुल 24 कोच होंगे।






## पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति को मंजूरी

# दो साल में देश में खोले जाएंगे 157 नए सरकारी नर्सिंग कॉलेज

- जिस राज्य में जितने मेडिकल कॉलेज होंगे उतने ही नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे
- सरकार की अगले 25 सालों में देश को मेडिकल डिवाइस सेक्टर में अग्रणी बनाने की योजना है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति को मंजूदी दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने बुधवार को ऐलान किया कि भारत को अगले दो वर्षों में 157 सरकारी नर्सिंग कॉलेज मिलेंगे। भारत में वर्तमान में कुल 5,324 नर्सिंग संस्थान हैं और



अगले 24 महीनों में इस सूची में 157 नए नर्सिंग कॉलेज जुड़ जाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2023 में ये घोषणा की थी। अब कैबिनेट से इसकी मंजूरी मिल गया है। इन नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के माध्यम से छात्रों के लिए लगभग 16,000 स्नातक सीटें भी जोड़ी जाएंगी, जिसके परिणामस्वरूप भारत में चिकित्सा शिक्षा का विस्तार होगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि कैबिनेट ने चिकित्सा उपकरण क्षेत्र के लिए नीति मंजूरी देकर चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को अगले पांच सालों में 11 बिलियन डॉलर से 50 बिलियन डॉलर तक बढ़ने में मदद मिलने की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने आगे कहा, सरकार अब मेडिकल डिवाइस बनाने के क्षेत्र मे काम कर रही है इसको लेकर पॉलिसी बनाई गयी है। अभी 60 से 70 प्रतिशत आयात होता है, इसको कम करना है। सरकार की अगले 25 सालों में देश को मेडिकल डिवाइस सेक्टर में अग्रणी बनाने की योजना है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, बीएससी नर्सिंग की मांग देश और दुनिया में बहुत ज्यादा है। इससे देश और दुनिया की जरूरत पूरी हो सकेगी। दुनिया भर के देशों मे हजारों भारतीय नर्सेज हैं। 40 प्रतिशत नर्सिंग कॉलेज सिर्फ 4 राज्यों मे हैं। बिहार में आज तक 12 ( 2 सरकारी और 10 प्राइवेट) नर्सिंग कॉलेज थे लेकिन अब 8 कॉलेज और मिलेंगे। प्रेस ब्रीफिंग में बताया गया कि जिस राज्य में जितने मेडिकल कॉलेज होंगे उतने ही नर्सिंग कॉलेज भी दिए जाएंगे। मनसुख मंडाविया ने कहा कि जहां मेडिकल कॉलेज है, वहां ही 10 करोड़ रुपए के सहयोग से एक नर्सिंग कॉलेज बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि देश में मेडिकल डिवाइस की मांग बढ़ी है। इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मेडिकल डिवाइस पॉलिसी 2023 तैयार की गई है।

## खबरें फटाफट

### समलैंगिक कानून को मान्यता गलत, सौंपा ज्ञापन

**आरा।** समलैंगिक कानून को वैध करार दिये जाने के विरोध में शहर की प्रबुद्ध महिला संगठन की ओर से डीएम व जिला सत्र न्यायाधीश के माध्यम से राष्ट्रपति व राज्यपाल सहित सुप्रिम कोर्ट के मुख्य न्यायाधिश को ज्ञापन पत्र दिया गया। महिला नेत्री ओम ज्योति भगत के अनुसार समलैंगिक विवाह को स्पेशल एक्ट के तहत लाकर निबंधन की मांग करना गलत और भारतीय संस्कृति के खिलाफ है। कहा कि समलैंगिक विवाह भारतीय व्यवस्था के खिलाफ है। इसकी मान्यता नहीं मिलनी चाहिए। ज्ञापन देने वाली प्रबुद्ध महिलाओं में चिंता सिंह, प्रीति शर्मा, ममता पांडे, कंचन सिंह, संगीता सिंह व अंजली राय शामिल थीं।

### जातिगत जनगणना को ले लोहार समाज ने खोला मोर्चा

**आरा।** शहर के जेपी स्मारक के पास बुधवार को लोहार विकास मंच की ओर से धरना का आयोजन किया गया। अध्यक्षता टुनटुन शर्मा ने की और संचालन विजय शर्मा ने किया। लोहार जाति के लिए अलग गणना कोड उपलब्ध कराने के मुद्दे पर सरकार के रवैये को देख गणना कार्य का विरोध किया गया। लोहार जाति के लोगों की ओर से अपनी जाति के लोगों से गणना नहीं कराने की घोषणा की गई। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि बिहार में लोहार जाति को पांच जातियों में बांट दिया गया है, जबकि सभी एक ही जाति के हैं। सिर्फ हिंदी अंग्रेजी भाषा का फर्क है। लोहार मूल जाति है, एक साजिश के तहद कोड 13 पर लोहार को कमार के साथ जोड़ कर उप जाति बना दिया है। चार माह पूर्व सरकार से लोहार जाति की गणना में अगल कोड की मांग की गयी थी। इसे लेकर बीते तीन अप्रैल को पटना के गर्दनीबाग में विशाल महाधरना भी किया गया था।

# खसरा से बचाव के लिए अभिभावक अनिवार्य रूप से कराएं बच्चों को टीकाकृत: डीआईओ

- एमआर के प्रथम एवं दूसरे डोज से वंचित बच्चों को किया जा रहा चिह्नित
- प्रखंडों में की जा रही निगरानी, टीकाकरण पर दिया जा रहा जोर

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के ब्रह्मपुर और नावानगर के बाद चौगाई प्रखंड में खसरा के लक्षण वाले बच्चों की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग सख्ते में है। इस क्रम में सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा और जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह प्रतिदिन खसरा की निगरानी कर रहे हैं। इसके लिए जिले के सभी प्रखंडों में आशा कर्मियों के सहयोग से खसरा और रूबेला टीका से वंचित बच्चों को चिह्नित कर जल्द से जल्द उनको टीकाकृत किया जा रहा है। साथ ही, प्रखंड स्तर पर एक टीम गठित कर टीकाकरण स्थलों का जायजा भी लिया जा रहा है। ताकि, कोई भी बच्चा टीके का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। मिली जानकारी के अनुसार सभी चिह्नित बच्चों को टीकाकरण करने की प्रकिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। फ्रंटलाइन वर्कर्स को निर्देश दिया गया है कि खसरा के टीके से वंचित बच्चों को नियमित टीकाकरण के दौरान नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराया जाएगा।



**मलिन बस्तियों और अनुसूचित जाति/जनजाति के टोलों पर किया जा रहा फोकस :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, ब्रह्मपुर और नावानगर के पिछड़े इलाकों में बीते दिनों खसरा के मामलों की पुष्टि हुई। बीते दिन चौगाई प्रखंड में भी खसरा के लक्षण वाले बच्चे मिले। जिनकी जांच के लिए प्रखंड स्तर पर टीम गई और उन बच्चों का सैंपल लिया गया। गुरुवार को रिपोर्ट आने के बाद जिलास्तरीय टीम जाएगी। जिसके बाद एहतियात के तौर पर जिले में अभियान चलाकर खसरा और रुबेला के टीकों से वंचित बच्चों को चिह्नित किया जा रहा है। हालांकि, अब तक जितने भी मामले आए हैं वो मलिन बस्तियों और अनुसूचित जाति/जनजाति के मोहल्लों में ही देखने को मिले हैं। जिसे देखते हुए ऐसे इलाकों पर विशेष ध्यान देते हुए निगरानी की जा रही है।

### बच्चों के लिए घातक है खसरा

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, खसरा रूबेला बच्चों में होने वाली बीमारी है। इस बीमारी में बच्चों के शरीर पर लाल रंग के दाने आते हैं। अगर बच्चों के शरीर पर लाल रंग के दाने या फोड़े फुंसी जैसे लक्षण दिखाई दे तो उसे नजरंदान न करें। क्योंकि की यह खसरा का लक्षण हो सकता है। उन्होंने बताया कि ऐसे लक्षण दिखने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में संपर्क करें। अन्यथा यह बच्चों के लिए घातक साबित हो सकता है।

### नियमित टीकाकरण में दिया जा रहा टीका

सदर प्रखंड के बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया, पांच वर्ष के कम आयु के बच्चों को खसरा एवं रूबेला बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण किया जाता है। जो नियमित टीकाकरण में शामिल हैं। दोनों टीके नियमित टीकाकरण के दौरान ही बच्चों को लगाया जाता है। पांच साल के बच्चे को एमआर के दो टीके लगाए जाते हैं। पहला टीका बच्चे के नौ माह पूर्ण होने पर दसवें महीने में लगाया जाता है। वहीं दूसरी खुराक 16 से 24 महीने के बीच पड़ता है। दूसरी ओर, नियमित टीकाकरण की निगरानी के दौरान बच्चों को दिए जाने वाले कार्ड की जांच भी की जा रही। जिससे कोई भी बच्चा इन टीकों से वंचित न रहे।

### चयन परीक्षा, 2023 को लेकर बैठक का आयोजन; 2127 परीक्षार्थी होंगे शामिल

# 29 अप्रैल को जिले के चार केंद्रों पर होगी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला शिक्षा पदाधिकारी रौशन आरा की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, 2023 के लिए परीक्षा केन्द्रों पर स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संचालन हेतु संबंधित केन्द्राधीक्षक एवं प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, जहानाबाद के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक निदेश दिया गया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, 2023 के लिए जहानाबाद जिले में कुल चार परीक्षा केन्द्र बनया गया है। जिसमें 2127 छात्र व छात्रा सम्मिलित होंगे। परीक्षा केन्द्र पर निरीक्षी पदाधिकारी के जाने पर मुख्य द्वार को तुरंत खुलवा देंगे ताकि केन्द्र का निरीक्षण किया जा सके। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने केन्द्राधीक्षक को निदेश दिया कि सीट प्लान की प्रति भवन के मुख्य द्वार पर एक ब्लैक बोर्ड पर तथा एक प्रति सूचना पट्ट पर भी लगायेंगे। परीक्षा केन्द्र पर प्रतिनियुक्त शिक्षक एवं अन्य कर्मियों अपने साथ परीक्षा कार्य से संबंधित वैध कागजात के अतिरिक्त कोई भी अन्य कागजात परीक्षा केन्द्र पर नहीं ले जाऐंगे। मोबाइल फोन, कैलकुलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व गैजेट सामान का परीक्षा के दौरान प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। साथ हीं सभी केन्द्राधीक्षक परीक्ष केन्द्र परिसर की सफाई परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व कराना सुनिश्चित करेंगे, जिससे की किसी तरह का चिटपूर्जा इत्यादि परिसर में न रहें।


बैठक में शामिल अधिकारी, केंद्राधीक्षक व अन्य

- जिला शिक्षा पदाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**24 छात्र व छात्राओं पर एक वीक्षक प्रतिनियुक्त :** इसके अतिरिक्त परीक्षा कक्षों में श्यामपट्ट पर परीक्षा विषयों के बारे में कुछ भी नहीं लिखा रहे। परीक्षा समाप्ति के उपरांत ओएमआर उत्तर पत्रक को प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के समक्ष सील कर दिया जाएगा। सील करने समय यह भी ध्यान रखा जाए कि ओएमआर का किनारा मुड़े नहीं। प्रचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को भरे जाने संबंधित विस्तृत जानकारी सभी केन्द्राधीक्षक एवं संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को दिया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, 2023 के गाईड लाईन अनुसार 24 छात्र/छात्राओं पर एक वीक्षक लगाना अनिवार्य है। साथ हीं मौसम को देखते हुए छात्र/छात्राओं एवं वीक्षकों हेतु पानी का व्यवस्था कराने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी केन्द्राधीक्षक अपने-अपने केन्द्रों पर कमरें में पंखा एवं लाइट की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे।

**वीक्षकों को दिया जाए प्रशिक्षण :** जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी केन्द्राधीक्षक को निदेश दिया कि परीक्षा के एक दिन पूर्व ही परीक्षा से संबंधित सभी तैयारी पूर्ण करते हुए सभी वीक्षकों का प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केन्द्र पर यदि कोई दिव्यांग छात्र/छात्रा परीक्षा दे रहे तो उन्हें अतिरिक्त 40 मिनट का समय देना अनिवार्य होगा। परीक्षा पूर्वाह्व 11:30 बजे के बाद कोई भी छात्र/छात्रा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। सभी केन्द्राधीक्षक अपने-अपने परीक्षा केन्द्र पर स्वयं या अपने प्रतिनिधि को ओएमआर सीट एवं अन्य परीक्षा सामग्री प्राप्त करने हेतु पूर्वाहन 09:00 बजे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जहानाबद में उपस्थिति रहेंगे।

**29 अप्रैल को होगी परीक्षा :** जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठी में प्रवेश लेने हेतु प्रवेश परीक्षाओं हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, 2023 जारी की जा चुकी है। विभाग ने परीक्षा हेतु 29 अप्रैल को घोषित किया है। 29 अप्रैल को होने के कारण इस बात को ध्यान में रखा जा रहा है कि उस दिन कोई अन्य परीक्षा या प्रतियोगिता आयोजित ना की जा रही हो ताकि बच्चे परेशानी के परीक्षा में सम्मिलित हो सकें। अपनी पांचवी कक्षा को सफलतापूर्वक पास कर चुके विद्यार्थी नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं से प्रवेश पाने हेतु 2 जनवरी से पंजीकरण करना था। जिसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी थी। परीक्षा के आयोजन से पूर्व ही राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराज एस में निर्देश देते हुए यहां कहा कि 29 अप्रैल के दिन जिले में कोई अन्य परीक्षा या प्रतियोगिता आयोजित नहीं की जानी चाहिए।

## एक नजर

### डीएम ने पंचायत का किया औचक निरीक्षण



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बुधवार को अपने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत रतनी फरीदपुर प्रखंड अंतर्गत कसवां पंचायत का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया। निरीक्षण में जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायत सरकार भवन, कसवां में संबंधित पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता, जाति आधारित गणना, नल-जल योजना, आंगनबाड़ी केन्द्र की समीक्षा किया गया तथा निदेश दिया गया। साथ हीं क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं एवं कार्यो का निरीक्षण किया गय। जिलाधिकारी ने कसवां पंचायत के वार्ड नंबर 08 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में वार्ड नंबर 08 में नाली की समस्या को पाया गया तथा ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि यहां पर नाली का निकासी नहीं रहने के कारण रास्ते पर पानी जमा हो जाता है, जिसके कारण आने-जाने की समस्या होती रहती है। जिला पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, रतनी फरीदपुर, अंचल अधिकारी, रतनी फरीदपुर तथा तकनीकी सहायक को निदेश दिया कि नाली के पानी निकासी हेतु शीघ्र कार्रवाई किया जाए। जिलाधिकारी ने कसवां पंचायत के वार्ड नंबर 02 में भी सरकार के सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि वार्ड नंबर 02 में नल जल योजना के लिए स्वीकृत राशि के अनुसार योजना को पूर्ण नहीं किया गया है। नल जल योजना, 2019 का ही है परन्तु अभितक पूर्ण नहीं किया गया है। उक्त वार्ड में 190 घरों को पानी का कनेक्शन दिया जाना है, परन्तु मात्र 20 से 25 घरों को हीं नल-जल का कनेक्शन दिया गया है तथा टंकी भी नहीं लगाया गया है। कार्य पूर्ण नहीं करने के बावजूद राशि की निकासी कर लिया जाने के कारण जिला पदाधिकारी द्वारा वार्ड नंबर 02 के वार्ड सदस्य पर कार्रवाई करने का निदेश प्रखंड विकास पदाधिकारी, रतनी फरीदपुर को दिया गया। साथ हीं अन्य कार्यो का भी निरीक्षण किया गया।

### नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा को लेकर शिक्षकों ने दिया एक दिवसीय धरना

**बक्सर।** नगर के कवलदहे पोखर परिसर स्थित बिहार शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार जिले में भी नई अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 में संशोधन कर सभी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के एकसूत्री मांग के तहत एक दिवसीय धरना का आयोजन कियो गया। धरना के बाद एक शिष्टमंडल के द्वारो जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपो गया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नागेंद्र राम और संचालन राज्य संगठन सचिव अभय कुमार पाण्डेय ने की। धरना में शामिल सभी वक्ताओं ने नई अध्यापक नियुक्ति नियमावली को शिक्षक और शिक्षा विरोधी बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह संघर्ष वर्तमान के साथ-साथ भविष्य को बेहतर बनाने का संघर्षे है। धरना को महासंघ गोप गुट के जिला अध्यक्ष लवकुश ने भी संबोधित करते हुए कहा कि महासंघ गोप गुट हमेशा नियोजित शिक्षकों के संघर्षों के साथे है। आगे भी हमेशा साथे रहेगा. धरना को जिला सचिव नसीम अहमद ने संबोधित करते हुए कहा कि गोप गुट शिक्षकों के हर न्यायोचित संघर्षों का जिले में नेतृत्व करने को प्रतिब्द्धे है। धरना को दीपक रजक, संजय कुमार रामे, हरेरामे हरिजन, अब्दुल खैर, पीर मुहम्मद, प्रवीण कुमारे, अतहरे परवेज, प्रभावती कुमारी, गुलनाज आरा, गया प्रसादे, दानियाले कुमार ने संबोधिते किया।



### नई नियमावली में सभी नियोजित शिक्षकों को समायोजित करना पड़ेगा : गोप गुट

**बक्सर।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) मूल की राज्य कमिटी के आह्वान पर एवं शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले संघ से जुड़े सभी नियोजित शिक्षकों को विद्यालय अध्यापक नियमावली 2023 में बिना शर्त समायोजित करने एवं इन्हें राज्यकर्मी का दर्जा दिए जाने के लिए एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। एक दिवसीय धरना नगर के कवलदह पोखर परिसर में किया गया। इस संबंध में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) मूल के जिला अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह एवं उपस्थित शिक्षकों ने नए प्रावधान के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए एक सुर में कहा कि सरकार को इस नियमावली में सभी नियोजित शिक्षकों को समायोजित करना पड़ेगा। यदि ऐसा सरकार नहीं करती है तो हम सभी इससे भी तीव्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिला सचिव शाहिद अली ने कहा कि इस नियमावली से न तो कार्यरत नियोजित शिक्षकों का भला होने वाला है और ना ही सीटेट, बीटेट, स्टेट उत्तीर्ण शिक्षक अभ्यर्थियों का भला होने वाला है। परीक्षा पर परीक्षा शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आवश्यक न होकर कार्यरत नियोजित शिक्षकों को इस नियमावली में समायोजित कर आवश्यक प्रशिक्षण समय-समय पर देकर उनकी कार्यक्षमता, कुशलता एवं शिक्षा की गुणवत्ता प्राप्त किया जा सकता है। उक्त नियमावली से कार्यरत



## लाठी-डंडे के बल पर हाईवे पर वाहन चालकों से रंगदारी वसूलते दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

शहर से होकर गुजरने वाले आरा-पटना हाईवे पर लाठी के बल पर रंगदारी वसूली जा रही है। नगर थाने की पुलिस द्वारा धनुपरा के समीप रंगदारी वसूलते दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों मंगलवार की देर रात लाठी-डंडे के बल पर वाहन चालकों से जबरन वसूली कर रहे थे। गिरफ्तार रंगदारों में धनुपरा निवासी आदित्य पासवान और वीरेंद्र पासवान शामिल हैं। हालांकि पुलिस को देख तीसरा रंगदार भाग निकला। इस मामले में गिरफ्तारी दोनों रंगदार सहित तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस के अनुसार मंगलवार की रात नगर थाने के दारोगा अशोक कुमार सिंह पेट्रोलिंग पर निकले थे। देर रात सपना सिनेमा मोड़ के पास



एक वाहन चालक द्वारा बताया गया कि धनुपरा मारुति सुजुकी एजेंसी के नजदीक लाठी के बल पर ड्राइवरों से जबरन वसूली की जा रही है। उस पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो हाथ में लाठी लिये तीन लोग भागने लगे। तब पुलिस ने दो लोगों को खदेड़ कर पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों द्वारा हाईवे से गुजरने वाले छोटे-बड़े सभी वाहनों से रंगदारी वसूलने की बात स्वीकार की है। पुलिस तीसरे रंगदार की पहचान और धरपकड़ में जुटी है।

### कांग्रेस ने अडानी से संबंधित पूछे तीन सवाल, भेजा पोस्टकार्ड

**बक्सर।** जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार के नेतृत्व में पोस्टकार्ड अभियान जवाब दो मोदी जी का जिला कांग्रेस मुख्यालय में विमोचन कियो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली आवास पते पर बक्सर जिला से 5000 पोस्टकार्ड पत्र भेजे जाएंगे। पोस्टकार्ड में पूंजीपति अडानी और पीएम मोदी की मित्रता के संबंध में तीन प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्न युवा कांग्रेसियों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से पीएम मोदी से पूछने की पहल बुधवार को शुरू कियो है। पहल पोस्टकार्डे भेंजकरे किया गयो है। जिसमें अडानी ने अब तक बीजेपी को कितने करोड़े का फंड दियो है। आपके आधिकारिक विदेशी दौरों के बाद अडानी को कितने ठेकें मिले। कृपया हमें अपने सबसे अच्छे दोस्त के लिए दुनिया में 609वें स्थान से 8 वर्षों में दूसरा

## सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर तत्काल पक्षकारों को नोटिस जारी करें : जिला जज

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला जज डॉ राकेश कुमार सिंह ने बुधवार को राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर अपने प्रकोष्ठ में सभी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अपर मुख्य न्यायिक, दंडाधिकारी अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, मुंसिफ, सभी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के साथ बैठक की। जिला जज ने सभी न्यायिक पदाधिकारी गण से कहा कि न्यायालय में लंबित सुलहनीय मामले को चिन्हित करने के लिए सभी स्तर का प्रयास करें। इस बैठक में जिला जज ने न्यायालय के कर्मियों, प्राधिकार कर्मियों, पारा विधिक स्वयंसेवक गणों को भी बुला कर निर्देशित किए की एक भी मामला



नहीं छूटना चाहिए सभी सुलहनीय मामलों में तुरंत नोटिस सभी लोग मिलकर जारी करें। हर पक्षकार को सूचना मिलनी चाहिए सूचना उपलब्ध कराने के लिए सभी स्तर का प्रयास करें। उन्होंने कहा ?कि मैं प्रत्येक दिन राष्ट्रीय लोक अदालत के कार्यों के प्रगति के संबंध में समीक्षा करूंगा उन्होंने सख्त रुप से हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्राधिकार सचिव अजय कुमार ने बतलाया की जिले के प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर पंचायत में लंबित मामलों को निष्पादन कराने की दिशा में चर्चा की गई। साथ ही, कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को उचित निर्देश देकर और मामले के पक्षकार को सूचित कर मामला निष्पादन कराने की दिशा में सार्थक पहल की जाए। और पंचायत स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से सुनिश्चित की जाए। क्योंकि पंचायत स्तर पर कोई भी मामला लंबित ना रहे इसका हम सभी को सार्थक पहल करना चाहिए।

### जिले में आधा दर्जन लोगों ने निक्षय मित्र बन 14 टीबी मरीजों को लिया गोद

# निक्षय मित्र योजना: टीबी मरीज हो रहें लाभान्वित, मिल रहा पौष्टिक आहार

**केटी न्यूज/सासाराम**

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहें है। स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें तो अस्पतालों की इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर बुलियादी सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है ताकि सरकारी अस्पताल में आये मरीजों में बेहतर ईलाज मिल सके। इतना ही नही गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही है जिसका लाभ जरूरतमंदों द्वारा लिया जा रहा है। उन्हों योजनाओं में से एक है निक्षय मित्र योजना। ज्ञात हो कि टीबी से ग्रसित मरीजों को



सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जांच और दवा के साथ साथ सरकार टीबी मरीजों को पोषण आहार के लिए प्रतिमाह 500 रुपये सहायता राशि प्रदान करती है। इसके अलावा सरकार ने निक्षय मित्र योजना की शुरूआत की। इसके तहत कोई भी व्यक्ति, सरकारी कर्मी, निजी कर्मी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, एनजीओ अपनी क्षमता के अनुसार टीबी मरीजों को गोद लेकर 6 महीना से लेकर एक साल तक प्रत्येक माह पोषण के लिए सहायता राशि या पौष्टिक आहार उपलब्ध करा सकते है। रोहतास जिले में पांच निक्षय मित्रों द्वारा कुल 14 जरूरतमंद टीबी मरीजो को गोद लेकर उन्हें निक्षय मित्र योजना का लाभ पहुंचा रहे हैं।

**निक्षय मित्र बना सहारा :** शिवसागर प्रखण्ड के कोनकी गांव की रहने वाली 40 वर्षीय सविता देवी अपने गांव एवं शहर में भिक्षाटन कर टीबी बीमारी से ग्रसित अपने पति का पालन पोषण करती थी। परंतु निक्षय मित्र योजना सविता देवी और उनके पति के लिए संजीवनी का कार्य कर रही है। सविता देवी ने बताया कि उनके पति टीबी (एमडीआर) के मरीज है। घर में पति के अलावा कोई नही है ऐसे में किसी प्रकार गांव में अनाज मांग मांग कर जीवन व्यतीत कर रहे है। सरकार द्वारा पति को 500 रुपये मिलता है। इसके अलावा टीबी विभाग के सहयोग से अन्य लोगों द्वारा हर महीने अनाज एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इससे उनपर बोझ कम हुआ है।

**निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आ रहे है लोग :** सीडीओ डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि निक्षय मित्र योजना गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए काफी लाभकारी योजना साबित हो रहा है। टीबी मरीजों में अधिकांश गरीब तबके के लोग ही पीड़ित है। ऐसे में गरीब लोगों को उचित पौष्टिक आहार नही मिलने से रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती चली जाती है और टीबी बीमारी जल्दी ठीक नही हो पाती है। सीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही सहायता राशि के साथ साथ निक्षय मित्र द्वारा दी जा रही पौष्टिक अनाज से टीबी के मरीजों को काफी फायदा होगा। सीडीओ डॉ राकेश कुमार ने बताया कि जिले में अभी 1608 टीबी के मरीज है जिनका इलाज जारी है। जिनमें से 14 जरूरतमंद मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा लाभ पहुंचाया जा रहा है।

## खबरें फटाफट

### पिकअप के धक्के से गंभीर रूप से जख्मी युवक की मौत

**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के परसागंडा गांव के पास बुधवार को दूध ढोने वाली एक पिकअप वैन के धक्के से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल उसके इलाज के लिए नावानगर सीएचसी ले जाया गया। जहा प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टरों ने उसकी बिगड़ती हालत को देख हायर सेंटर रेफर कर दिया था। परिजन बेहतर इलाज के लिए आरा ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान स्थानीय गांव के पंकज कुमार के रूप में हुई है। सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि परिजनों ने शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आपसी विवाद में चाचा-भतीजे की पिटाई, एक गंभीर

**डुमरांव।** एनएच 922 पर गोपालडेरा गांव के समीप एक मामूली बात पर चाचा भतीजे की पिटाई कर दी गई है। पिटाई से जख्मी भतीजे की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। इस मामले में जख्मी अशोक यादव के बयान पर गांव के ही पांच युवकों पर स्थानीय नया भोजपुर ओपी थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार गोपाल डेरा के अशोक यादव अपने भतीजे नीतीश के साथ पुराना भोजपुर आए थे। यहां से बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे अपने गांव के पास पहुंचे कि पहले से ही घात लगाए खड़े नामजदों ने उनकी बाइक रूकवा लाठी डंडे से दोनों की पिटाई शुरू कर दी। इसमें नीतीश को ज्यादा चोट आई है। इस मामले में अशोक ने गांव के ही सोनू कुमार, शैलेश यादव, आकाश यादव, मुन्नू यादव और सूर्यदेव यादव पर मारपीट का आरोप लगा मामला दर्ज कराया है।

# पर्यावरण संरक्षण का अलख जगाने साइकिल से कन्याकुमारी से बक्सर पहुंचे रॉबिन

- सात महीना पहले कन्याकुमारी से शुरू की लोगों को जागरूक करने के लिए साइकिल यात्रा
- अब तक 16 हजार किमी की दूरी तय कर चुके रॉबिन पेड़-पौधे, पानी व जंतुओं को बचाने की कर रहे अपील

**केटी न्यूज/बक्सर**

नाम-रॉबिन सिंह, घर-उत्तर प्रदेश का इटावा, शौक-पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए पेड़-पौधों, पानी तथा विभिन्न तरह के जीव जंतुओं के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करना। यह परिचय है बुधवार को कन्याकुमारी से साइकिल चलाकर बक्सर पहुंचे एक पर्यावरण प्रेमी रॉबिन सिंह का। वे अपने मुहिम को सफल बनाने तथा लोगों में अलख जगाने के लिए पूरे देश की पदयात्रा कर रहे हैं। इसके तहत वे करीब सात महीना पहले देश के दक्षिणी छोर कन्याकुमारी से सफर की शुरूआत किए थे। अबतक 16 हजार किलोमीटर के सफर में वे 13 राज्यों में जाकर लोगों को जागरूक कर चुके हैं।



बुधवार को सफर के 201 वें दिन बक्सर पहुंचने पर पर्यावरण प्रेमियों व सामाजिक कार्यकताओं ने गोलंबर पर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्हें अंग वस्त्र, माला आदि से सम्मानित भी किया गया तथा उनके प्रयासों को धरती को बचाने की मुहिम कहा गया। लोगों ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण को बचाने के लिए युवाओं को इनसे सीख लेनी चाहिए। मौके पर अरविंद, अविनाश, गौरव, रजनीकांत, शिवदयाल, दिनेश, यश, विजय, अभिजीत समेत दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संदेश...पर्यावरण व जीव जंतुओं के संरक्षण से ही बचेगी धरती

अपने संबोधन में रॉबिन ने कहा कि पिछले कुछ दशकों से हमारा पर्यावरण तेजी से बिगड़ा है। जिस कारण ग्लोबल वर्मिंग का खतरा बढ़ते जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण ( पेड़-पौधे ) व जीव-जंतुओं को संरक्षित कर ही हम बिगड़ रहे पर्यावरण को बचा सकते है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण तथा जीव जंतुओं को बचाने से ही धरती तथा जीवो का अस्तित्व बचेगा। वही उन्होंने जल संरक्षण को भी महत्वपूर्ण बताया और कहा कि जल को संरक्षित नहीं करने से आने वाले दिनों में लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ जाएगा। रॉबिन ने कहा कि वर्तमान समय में भी भूमिगत जल स्तर बहुत नीचे चला गया है। हमें पानी के दुरूपयोग से बचना चाहिए तथा लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना चाहिए। वही वहा मौजूद लोगों ने उनकी सोंच तथा प्रयासों की सराहना करते हुए जीवन को बचाने के लिए जल, हरियाली व जीव जंतुओं की रक्षा का संकल्प लिया।

### ग्रीन इंडिया मूवमेंट के संयोजक भी हैं रॉबिन सिंह

रॉबिन सिंह ग्रीन इंडिया मूवमेंट के संयोजक भी हैं तथा उनके प्रयासों से अबतक दर्जनों युवा पर्यावरण व पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए मुहिम चला रहे हैं। इनका उद्देश्य पूरे भारत का दर्शन करना तथा युवाओं तथा समाज को पर्यावरण, जीव जंतुओं की रक्षा तथा पानी बचाने के लिए संदेश देना है। लोगों ने कहा कि उनका प्रयास न सिर्फ मानवता बल्कि संपूर्ण जीव जगत के कल्याण के लिए है।

## चौसा पहुंचे डीएम अंशुल अग्रवाल ने निकृष पंप सहित कई योजनाओं का किया निरीक्षण

# शराब तस्करी रोकने के लिए देवल पुल पर वाहनों की लें गहन तलाशी : डीएम

- पंप योजना के रैयतो की अभिलेख के आधार पर जांच करते हुए अधिकारियों को समीक्षा प्रतिवेदन देने को कहा
- डीएम ने पंप योजना के निर्माण को गंभीरता से लेने तथा गुणवत्ता का ख्याल रखने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/चौसा**

जिले के नये डीएम अंशुल अग्रवाल बुधवार को चौसा प्रखंड पहुंचे थे। उन्होंने यहां रामपुर पंचायत के निकृष पंप योजना सहित प्रखंड के अन्य पंचायतो में संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद वे यूपी-बिहार के बॉर्डर पर स्थित देवल पुल भी पहुंचे तथा वहां तैनात उत्पाद विभाग व स्थानीय थाने की पुलिस को शराब तस्करी पर लगाम लगाने के लिए वाहनों की गहन तलाशी लेने का निर्देश दिया। इससे पहले चौसा प्रखंड के रामपुर पंचायत में डीएम ने निकृष पंप योजना के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में गंगा पंप नहर विभाग के कार्यपालक अभियंता स बातचीत कर अद्यतन जानकारी ली।

वहीं उन्होंने जिला भू अर्जन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता तथा चौसा सीओ को इस पंप योजना के रैयतो की अभिलेख के आधार पर जांच करते हुए समीक्षा प्रतिवेदन देने को कहा। डीएम ने इस पंप योजना के महत्व को समझते हुए इसके निर्माण को गंभीरता से लेने तथा गुणवत्ता का ख्याल रखने का निर्देश भी दिया। इसके अलावे उन्होंने इस पंचायत में मनरेगा योजना से निर्मित चेकडैम का निरीक्षण भी किया। इस दौरान मनरेगा पीओ ने उन्हें बताया कि इस चेक डैम से रामपुर पंचायत क्षेत्र के किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है। डीएम ने इस पर खुशी जताते हुए किसानों को समुचित संसाधन उपलब्ध कराने तथा किसानों की समस्या को प्राथमिकता से सुलझाने को कहा।



इसके अलावे उन्होंने रामपुर में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया। विभाग द्वारा बताया गया कि इसकी कुल क्षमता 25 हजार गैलन की है। इस योजना से पंचायत के चार वार्डों 04, 05, 06 एवं 07 में जलापूर्ति की जाती है। डीएम ने कार्यपालक अभियंता को सभी वार्डों में सुचारू रूप से जलापूर्ति देने तथा समय समय पर इसकी जांच कर जांच प्रतिवेदन देने का निर्देश भी दिया।

### पवनी में निमार्णाधीन तालाब का किया निरीक्षण

रामपुर के बाद डीएम पवनी पंचायत पहुंचे। यहा उन्होंने पंचायत के सौवा बाँध में अमृत सरोवर योजना के तहत निमार्णाधीन सरकारी पोखरा के का निरीक्षण किया तथा इसका निर्माण निर्धारित समय से पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण, मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने का निर्देश दिया तथा पोखरा के सौदर्यीकरण के लिए पंचायत प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर पेवर ब्लॉक, छठ घाट एवं पौधरोपण कराने का निदेश चौसा बीडीओ को दिया। उन्होंने कहा कि इस तालाब का सौदर्यीकरण बेहतर होना चाहिए।

**देवल पुल पर खुद वाहनों की ली तलाशी:** चौसा प्रखंड के निरीक्षण के दौरान डीएम यूपी के बार्डर इलाका देवल पुल का निरीक्षण भी किए। इस दौरान उन्होंने खुद यूपी की तरफ से आने वाले कई वाहनों की जांच पड़ताल की तथा वहा मौजूद पुलिसकर्मियों व उत्पाद विभाग की टीम को यूपी के रास्ते शराब की तस्करी रोकने के लिए वाहनों की सघन तलाशी लेने का निर्देश दिया। हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन से शराब या अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। बावजूद डीएम के इस तेवर से पोस्ट पर मौजूद पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया था।

## एक नजर

### कुमार नयन स्मृति समारोह के तहत विचार गोष्ठी व कविता पाठ का हुआ आयोजन




**बक्सर।** कुमार नयन स्मृति समारोह 2023 का आयोजन बुधवार को स्थानीय कोइरपुरवा स्थित एक निजी हॉल में हुआ। कार्यक्रम के दौरान विचार गोष्ठी तथा कवि सम्मेलन का दौर भी चला। इस दौरान बदलते दौर में साहित्य का महत्व विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी तथा बक्सर जिला पेंशनर एसोसिएशन के संरक्षक गणेश उपाध्याय ने की तथा संचालन राजेश शर्मा ने किया। विषय प्रवर्तन प्रलेस बक्सर के अध्यक्ष डॉ बी एल प्रवीण ने कराया। अपने संबोधन में अध्यक्ष श्री उपाध्याय ने कहा कि विचारों का प्रदूषण, सामाजिक और राजनीतिक प्रदूषण सर्वत्र व्याप्त हो गया है। ऐसी स्थिति में साहित्य का महत्व महसूस किया जाना चाहिए। पहले भी देश में परिवर्तन हुए, उसमें साहित्य का ही योगदान रहा। बाद में कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ जिसमें फारूक शैफी ने कुमार नयन की गजल -अंधेरी रात के तारों में ढूंढना मुझको तथा मिलूंगा दर्द के मारों में ढूंढना मुझको पढ़कर लोगों के बीच उनकी यादें ताजा कर दी। अन्य कवि व वक्ताओं में नर्वदेश्वर उपाध्याय, मीरा सिंह मीरा डॉ एस के सिंह, डॉ शशांक शेखर, सुरेश संगम, साबित रोहतास्वी, संतोष भारती, विश्वनाथ यादव, मनोज कुमार, गोविन्द जायसवाल, डॉ मनीष कुमार शशि, सुरेन्द्र सिंह, बबन राजभर, तुषार विजेता, रामेश्वर चौहान, पृथ्वीराज, क्षितिज केसरी, अनुराग, प्रशान्त कुमार आदि मौजूद थे।

### डीसीएलआर ने किया अंचल कार्यालय का निरीक्षण, बिना सूचना गायब मिला कर्मचारी

**केसठ।** बुधवार को डुमरांव डीसीएलआर गिरिजेश कुमार ने केसठ अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न भू-अभिलेखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ कुमारी अनुकंपा को भू-नामांतरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने बेदखली, भू-बंदोवस्ती, न्यायालय में लंबित मामले, राजस्व वसूली, सरकारी योजना की जमीन, रोकड़ पंजी आदि पंजी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भूमि सुधार उपसमाहर्ता ने भू-नामांतरण के लंबित मामले तथा नामांतरण वाद के अस्वीकृति व लगभग 170 दाखिल खारिज के लंबित मामले पर गहरी नाराजगी जताई तथा इसमें सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। डीसीएलआर ने अतिक्रमण वाद को युद्ध स्तर पर निबटारा करने पूर्व से लंबित अतिक्रमण वाद को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ ही सभी तरह के लंबित मामलों का अविलंब निपटारा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा परिमार्जन, एलपीसी, मापी वाद का एम निबटारा करने का निर्देश दिया। ऑनलाइन दाखिल खारिज की प्रक्रिया ससमय पूरा करते हुए उसका निष्पादन एक माह के अंदर करने का निर्देश दिया। वहीं इस दौरान डीसीएलआर ने भूमि मापी से संबंधित पूर्व के और नए मामले को मापी करके निष्पादित करने का निर्देश दिया। डीसीएलआर ने परिमार्जन से संबंधित ऑनलाइन जमा बंदी सुधार के लिए प्राप्त हुए आवेदन को जल्द निष्पादन करने की बात कही। वही निरिक्षण के दौरान कतिकनार पंचायत का कर्मचारी सुदर्शन कुमार बिना सूचना गायब मिले जिनसे स्पष्टीकरण पूछा गया।

### बीडीओ के प्रयास से केसठ के महादलित बस्ती में बच्चे का लिया गया खसरा का सैंपल

**केसठ।** खसरा की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग पूर्ण रूप से सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में बुधवार को केसठ महादलित बस्ती में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम खसरा के सैंपल लेने के लिए पहुंची। जिसका नेतृत्व पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने किया।इस दौरान लगभग सभी बच्चों में खसरा का लक्षण नही दिखा।वही एक बच्चा में खसरा का लक्षण मिला।जब स्वास्थ्य विभाग की टीम उसके घर गई सैंपल लेने के लिए तो घरवाले ने उन्हें मना कर दिया पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश वर्मा और पीएससी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार के अथक प्रयास से 3 वर्षीय बच्चा का खसरा का सैंपल लेकर उसे पटना भेज दिया गया। इस तरह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि खसरा के विरोध स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर बच्चों का सैंपल का जांच करेगी।मौके पर विक्की,पप्पू सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### भूमिहीन महिला को दिया बासगीत पर्चा

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में बुधवार को बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा, सीओ कुमारी अनुकंपा और सीआई मनोज केसरी के द्वारा भूमिहीन शांति देवी पति बड़क तुरहा को बासगीत पर्चा दिया गया। सीओ ने बताया की एक भूमिहीन महिला शांति देवी को घर बनाने के लिए बासगीत पर्चा दिया गया। जमीन उपलब्ध हो जाने के बाद जल्द ही उन्हें घर बनाने के लिए राशि मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को रहने के लिए आवास जरूरी है। इसी दिशा में हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिन लोगों के पास घर बनाने के लिए भूमि नहीं है, वैसे लोगों को चिन्हित कर भूमि उपलब्ध कराया जा रहा है।वही उन्होंने कहा की वैसे लाभुक जिनका प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम है लेकिन उनके पास घर बनाने के लिए भूमि नहीं है उनके लिए भी सरकारी स्तर से जमीन उपलब्ध कराया जाएगा।

## डुमरांव थाना से महज 100 मी. दूर स्थित उर्दू विद्यालय में चोरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में चोरों का तांडव बढ़ गया है। चोरों ने थाना से महज 100 मीटर दूर स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दे पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है। जानकारी के अनुसार बीती रात चोरों ने इस स्कूल के आइटीसी रूम का ताला तोड़ उसमें रखे कंप्यूटर की दो बैटरियों तथा परिसर में लगे चापाकल का हैंडल चुरा लिया है।

बुधवार को जब प्रधानाध्यापिक आशा कुमारी निर्धारित समय पर स्कूल पहुंची तथा मुख्य गेट का ताला खोल अंदर पहुंची तो चापाकल का हैंडल गायब देख चोरी की बात समझ में आई। इसी दौरान उनकी नजर आइटीसी कमरे के टूटे ताला पर भी पड़ी। उन्होंन जब इस कमरे का पड़ताल किया तब कंप्यूटर की दो बैटरियां गायब थी। प्रधानाध्यापिका ने इस मामले में स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बता दें कि नया तालाब रोड स्थित उर्दू मध्य विद्यालय की डुमरांव थाने से दूरी महज 100 मीटर ही है। ऐसे में चोरों ने इस विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दे स्थानीय पुलिस की कार्यशैली व रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए है।

लोगों का कहना है कि जब थाना के आस पास के क्षेत्र भी चोरों से महफूज नहीं है तो पूरे शहर की सुरक्षा का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। बता दें कि इसके पहले चोरों ने कई बार न्यू मार्केट में भी चोरी किया है। जबकि शहर के विभिन्न जगहों से बाइक चोरी की घटनाएं भी आम बात हो गई है।

### बक्सर के शांतिनगर से फिर पकड़ा गया हेरोइन तस्कर

**बक्सर।** बक्सर के नगर थाना अंतर्गत शांतिनगर मोहल्ले में हेरोइन की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को पुलिस ने एकबार फिर से इस मोहल्ले में छापेमारी कर एक युवक को 100 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया है। बरामद हेरोइन की कीमत करीब डेढ़ लाख रूपए है। बता दें कि पिछले एक सप्ता में यह तीसरा मौका है जब पुलिस ने इस मोहल्ले से हेरोइन के साथ तस्कर को पकड़ा है। इसके पहले एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर नगर थाने की पुलिस ने 17 और 18 अप्रैल भी छापेमारी अभियान चला हेरोइन के साथ एक-एक तस्करों को पकड़ा था। सूत्रों का कहना है कि इस बस्ती में दशकों से हेराइन, गांजा जैसे मादक पदार्थों का धंधा फल फूल रहा है। अभी भी कई तस्कर हैं जो पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

## पांच थानेदार समेत 9 पुलिस अधिकारियों का हुआ तबादला

- राहुल कुमार को मुफस्सिल थाना की कमान
- अंगद सिंह को फिर से मिली ट्रैफिक की जिम्मेवारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में विधि व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए एसपी मनीष कुमार ने बुधवार को पांच थानेदार समेत 9 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। जारी जिलादेश के अनुसार सभी को अलगे 24 घंटों में नव पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में एसपी ने बताया कि मुफस्सिल थानाध्यक्ष निर्मल कुमार को एलटीएफ का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, इटाढ़ी थानाध्यक्ष राहुल कुमार को मुफस्सिल थाने की कमान सौंपी गई है। धनसोई थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय को इटाढ़ी थानाध्यक्ष व सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह को धनसोई थानाध्यक्ष के रूप में पदास्थापित किया गया है। साथ ही, नगर थाना के सब इंस्पेक्टर सुनिल कुमार सिंह को सोनवर्षा ओपी अध्यक्ष व लालबाबू सिंह को तिलक राय के हाता ओपी अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, तिलक राय के हाता ओपी अध्यक्ष संतोष कुमार को नगर थाना में पदास्थापित किया गया है। इनके अलावा बक्सर जिला मुख्यालय के यातायात प्रभारी संतोष कुमार को नगर थाना और नगर थाना के एसआई अंगद सिंह को फिर से ट्रैफिक की कमान सौंपी गई है।

### नावानगर सीओ ने अग्निपीड़ित को दिया सहायता राशि का चेक

**नावानगर।** अंचल परिसर में क्षेत्र के एक अग्निपीड़ित परिवार को सीओ ने चेक के माध्यम से सरकारी सहायता राशि प्रदान की। 13900 रुपए का चेक पाकर पीड़ित परिवार ने राहत महसूस किया।

बता दें कि स्थानीय अंचल के रुपसागर पंचायत अंतर्गत उसरा गांव की महिला पाना देवी का झोपड़ीनुमा घर विगत दिनों अग्निकांड की भेंट चढ़ गई थी। इस अग्नि घटना का सीओ ने निरीक्षण करने के बाद पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता राशि का चेक प्रदान किया। सीओ अजीत कुमार ने बताया कि उसरा गांव के अग्निपीड़ित परिवार जमींदार सिंह की पत्नी पाना देवी को अग्निपीड़ित सरकारी सहायता राशि का चेक दिया गया है। सरकार की ओर से अग्निपीड़ितों को सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

## गायत्री परिवार ट्रस्ट शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नावानगर प्रखंड में महायज्ञ का आयोजन

# मणियां गांव में जलभरी के साथ तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ शुरू

**केटी न्यूज/नावानगर**

नावानगर प्रखंड के मणियां गांव में बुधवार को कलश शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ शुरू हो गया। पांच कुंडीय इस महायज्ञ के लिए सुबह 8 बजे यज्ञ मंडप से निकलकर ब्रह्मपुर प्रखंड के कोदई टोला स्थित छेरा नदी से पवित्र जल लिया गया। गायत्री शक्तिपीठ बक्सर के यज्ञाचार्य तेज नारायण ओझा व रामानन्द तिवारी ने पूरे विधि-विधान व मंत्रोचारण के साथ छेरा नदी की पूजा अर्चना किया। इसके बाद यजमान श्रद्धालु कलश में नदी का पवित्र जल भरकर वापस यज्ञ मंडप के लिए रवाना हुए। यज्ञ के मुख्य यजमान वकील सिंह ने बताया कि यह यज्ञ जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ का आयोजन गांव में सुख समृद्धि की कामना तथा बच्चे-बच्चियों के अंदर सद्बुद्धि जगाने के उदेश्य से किया जा रहा है। जलभरी के दौरान 151 कलश में पवित्र जल भरा गया। उन्होंने बताया कि 151 कलश में से 90 कुंवारी कन्याओं ने कलश लेकर गांव का भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रवचन विद्वान प्रवचनकताओं द्वारा शाम को होगा। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ की पूर्णाहुति 28 अप्रैल को भंडारा के साथ किया जाएगा। यह कलश यात्रा में मुख्य रूप से हरि नारायण साह, अरविंद कुशवाहा, ललन सिंह, अयोध्या यादव, राजेन्द्र कुशवाहा, जितेंद्र यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।



### चुआड़ गांव में आठ मई से श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ

**डुमरांव।** अनुमंडल के चुआड़ गांव में 8 से 15 मई तक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह ज्ञानकथा सप्ताह का आयोजन होगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। यह आयोजन परम पूज्य संत श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के उपस्थिति में हो रहा है। जिस कारण उनके अनुयायियों तथा ग्रामीणों में उत्साह व्याप्त है। आयोजन समिति से जुड़े लोगों ने बताया कि इस महायज्ञ के तहत प्रवचन की शुरूआत 8 मई से होगी जबकि 10 मई को जलभरी के साथ महायज्ञ शुरू होगा। इसकी पूणार्हुति 15 मई को की जाएगी। इस आयोजन को ले गांव तथा आस पास में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। ग्रामीण इस आयोजन को सफल बनाने में तनम न से जुटे है। वही दूसरी तरफ नंदन गांव में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 28 अप्रैल भूमि पूजन एवं जलयात्रा से शुरू होगा।

# जनपद में एनीमिया की रोकथाम के लिए परियोजना का हुआ शुभारंभ

**केटी न्यूज/बलिया**

❑ चिलकहर के दस ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा विशेष अभियान

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निदेर्शानुसार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयन्त कुमार ने एनीमिया में कमी लाने हेतु परियोजना का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में केयर इंडिया संस्था ने आयोजित किया। इस परियोजना के तहत चिलकहर विकासखण्ड के दस ग्राम पंचायतों में केयर इंडिया स्वास्थ्य, आईसीडीएस एवं पंचायती राज विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न गतिविधियों को संपन्न किया जायेगा। जिसका लक्ष्य 6-59 महीने की उम्र के बच्चों, किशोर, किशोरियों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग की महिलाओं में एनीमिया को कम करना है।

इस कार्यक्रम मे डॉ आरबी यादव जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम), राजेश कुमार (एल्केम फाउंडेशन), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिलकहर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी चिलकहर सुरेश सिंह यादव ने विस्तार से अपने विचार रखें। केयर इंडिया के अनुराग श्रीवास्तव ने परियोजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसके अंतर्गत एनीमिया के प्रभावितों के परीक्षण, उपचार और ट्रैकिंग में सुधार करना, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साप्ताहिक आयरन और फोलिक एसिड के साथ-साथ आईएफए की आपूर्ति और उपयोग को मजबूत करना, आहार संबंधी आदतों और स्वच्छता के बारे में समुदाय की जानकारी में वृद्धि करना एवं गंभीर एनीमिया के मामलों के प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना आदि विस्तृत जानकारी दी गई।




जिला कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ आरबी यादव ने एनिमिया की रोकथाम के लिए अनेक व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की तथा पूरी टीम से इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं चुने हुए पंचायतों को मॉडल पंचायत के तौर पर विकसित करने की बात की। केयर इंडिया के शशि रंजन के द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपेक्षित परिणामों की चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से लक्षित आबादी की स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओं द्वारा आईएफए-ग्रहण में सुधार, साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण मे सुधार एवं लक्षित लाभार्थियों एल्बेंडाजोल का दिया जाना आदि बिंदुओं को शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखण्ड चिलकहर के संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं समस्त पर्यवेक्षिकाओं के साथ-साथ, सभी दस पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अन्य प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

## जनपद स्तरीय बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप की बैठक संपन्न, डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा

# कमजोर तटबंधों को चिन्हित कर सुदृढ़ीकरण की व्यवस्था को सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर जनपद स्तरीय बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि वर्ष 2023 में बाढ़ से निपटने हेतु रिजर्व स्टॉक के रूप में कुल ईसी (नया) 71925, नायलान क्रेट 1000, मिजार्पुर स्टोन बोल्डर 2000 घन मीटर, जीआई वायर क्रेट 2000, जियो बैग 2200, गैवियान रोप 500 संख्या की सामग्री की आवश्यकता है, जिसमें ईसी बैग (नया) 35825, नायलॉन क्रेट 1376, मिजार्पुर स्टोन बोल्डर 600 घन मीटर, जीआई वायर क्रेट 50 एवम् जिओ बैग 200 की मात्रा में रिजर्व स्टॉक में है। अवशेष रिजर्व स्टॉक की आपूर्ति हेतु ईसी बैग(नया) 36100, नायलान क्रेट 800, मिजार्पुर स्टोन बोल्डर 1940 घन मीटर, जीआई वायर क्रेट 1950, जिओ बैग 200, गैवियान रोप 500, जिनकी कुल कीमत 96.51लाख है, उसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इसके अलावा वर्ष 2023 में बाढ़ से पूर्व तटबंधों के अतिसंवेदनशील/ संवेदनशील स्थलों को भी चिन्हित कर कार्य योजना तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत बांधों पर हुए रेनकट्स, शाही होल्स, पॉट होल्स, रैट होल्स तथा कमजोर भाग की मरम्मत, रेगुलेटर गेटों की ऑयलिंग, ग्रीसिंग, मरम्मत आदि से संबंधित कार्य किए जाने हैं।




अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

- बाढ़ नियंत्रण तैयारियों के लिए 96.51 लाख का प्रस्ताव तैयार
- एनडीआरएफ से संपर्क स्थापित कर जनपद हेतु टीम रिजर्व रखने का दिया निर्देश

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पिछली बार बाढ़ के दौरान आई समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुए सभी संबंधित विभागों को सारी तैयारियां समय से पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियो एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की समन्वित टीम से कमजोर तटबंधों को चिन्हित कर उनके सुदृढ़ीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिए। इसके अलावा आपदा के समय तत्काल सहायता हेतु एनडीआरएफ की टीम से पूर्व में ही संपर्क स्थापित कर जनपद के लिए टीम रिजर्व रखवाने को कहा। जिलाधिकारी ने पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान गैस सिलेंडर, मिट्टी के तेल, भूसा आदि से संबंधित शिकायतों के दृष्टिगत सभी संबंधित अधिकारियों को इनकी पर्याप्त मात्रा मैं उपलब्धता समय से पूर्व ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### शरणालय की व्यवस्था के लिए स्थानों का करें चयन

बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए शरणालय की व्यवस्था करने के दौरान ऊंचे एवं सुरक्षित स्थल को ही चिन्हित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिससे बाढ़ के दौरान वहां पर जलजमाव की स्थिति ना आने पाए। उन्होंने बाढ़ से संबंधित सभी अधिकारियों को पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान सामने आई कमियों के दृष्टिगत सारी तैयारियां समय से पूर्व ही पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे बाढ़ के दौरान आपदा से प्रभावित लोगों की अधिक से अधिक मदद की जा सके। बैठक के दौरान ही जिलाधिकारी ने इस वित्तीय वर्ष में सिंचाई विभाग द्वारा निमार्णाधीन परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रशांत नागर, अपर जिला अधिकारी श्री भानु प्रताप सिंह, कृषि उपनिदेशक एसपी श्रीवास्तव, समस्त उप जिला अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई वीरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी जितेंद्र कुमार सिंह एवं आरपीएन सिंह यादव सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रिजल्ट देखने के बाद मायूस छात्र ने की आत्महत्या



**बलिया।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत यारपुर बेदुआ मोहल्ले में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार की देर रात पंखे की कुंडी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार उक्त मोहल्ला निवासी अजय कुमार पाण्डेय 17 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार पाण्डेय जो इन्टर का छात्र था। मंगलवार की रात रोज की तरह खाना खाकर घर के एक कमरे चला गया। बुधवार की सुबह जब देर तक वह कमरे बाहर नहीं निकला तो परिजन उसके कमरे में गये। जहां उसे फंदे से लटका देखकर घर में मातम छा गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजय इण्टर की परीक्षा के घोषित परिणाम को देखने बाद से काफी उदास था। जिससे लोगों ने आशंका जताई है कि वह शायद यूपी बोर्ड की परीक्षा में सफल न होने के कारण उसने मौत संदिग्ध परिस्थितियों में गले लगा लिया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में गाजीपुर ने रचा इतिहास प्रदेश के टॉप-10 छात्रों में आठ जनपद के

**गाजीपुर।** यूपी बोर्ड द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया। बोर्ड परीक्षा में जहां देवकली के सम्मनपुर नेवादा की खुशी जायसवाल ने हाईस्कूल में 97.17 अंक पाकर जिले में टॉप किया है और पूरे यूपी में छठवां रैंक हासिल की है, वहीं गाजीपुर के कुल आठ परीक्षार्थियों ने पूरे यूपी की टॉप -10 में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। जिसमें से हाईस्कूल के पांच व इंटर के तीन छात्र ऐसे हैं, जिन्होंने यूपी के टॉप-10 सूची में अपना नाम दर्ज कराया है।

सैदपुर के कांदर धुआर्जुन स्थित बाबा धर्मदेव इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा आर्या यादव पुत्री रामप्रकाश यादव ने 95.5 प्रतिशत अंक पाकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके अलावा हाईस्कूल में पंडित मदन मोहन मालवीय इंका की आंचल तिवारी को पूरे यूपी में 7वां स्थान, बिंदेश्वरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टडवां मोहम्मदाबाद के प्रियांशु शर्मा ने 8वां, आदर्श बौद्ध इंका छावनी लाइन की स्मृति विश्वकर्मा पुत्री अजय विश्वकर्मा ने96.6 प्रतिशत अंक पाकर 9वां व सीपीआई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरिकरनपुर बिझवल की श्रेया प्रजापति ने पूरे प्रदेश में 10वां स्थान पाया है। इसके अलावा इंटर में सिखड़ी के ही पंडित मदनमोहन मालवीय इंका की ज्योति यादव पुत्री नंदलाल यादव ने 96.6 प्रतिशत अंक पाकर पूरे प्रदेश में इंटर की मेरिट में 5वां स्थान हासिल किया है। उनकी ही राह पर चलते हुए उनके स्कूल व उनकी ही कक्षा की श्वेता तिवारी पुत्री प्रकाश तिवारी को 95.8 प्रतिशत अंक मिले और पूरे प्रदेश में 9वां स्थान हासिल हुआ। इसके अलावा टोडरपुर के स्वामी आत्मानंद इंका के दानिश अंसारी को प्रदेश में 10वां स्थान हासिल हुआ है। इसी क्रम में सिखड़ी के पंडित मदन मोहन मालवीय इंका की हाईस्कूल की छात्रा तृषा राय पुत्री पंकज राय को 96 प्रतिशत, काजल यादव पुत्री लालजी यादव को 95.1 प्रतिशत, आरजू यादव पुत्री रामकंवल यादव को 95.1 प्रतिशत, स्व. अंबिका सिंह इंका सुभाखरपुर की छात्रा आंचल तिवारी पुत्री आशीष तिवारी को 92 प्रतिशत, इंटर में सिखड़ी स्थित इंका की ही खुशबू चौहान पुत्री विजय चौहान को 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

# वार्डों में बढ़ी उम्मीदवारों की चहलकदमी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

निकाय चुनाव में प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के चलकर में नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में तेज हो गई है। चेयरमैन पद के उम्मीदवार हों या सभासद पद के सभी मतदाताओं के पास पहुंचकर खुद को सबसे बेहतर साबित करने में जुटे हैं। बुधवार को नगर पालिका परिषद गाजीपुर से भाजपा उम्मीदवार सरिता अग्रवाल ने वार्ड संख्या-01 पवहारी बाबा में घर -घर जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने का लोगों से अनुरोध किया। कहा कि नगर पालिका गाजीपुर में विकास के जो कार्य चल रहे हैं उसके लिए भाजपा को जिताना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा कि सरकार के साथ स्थानीय स्तर पर भाजपा कि जीत आपके आवश्यक्ता और अपेक्षा दोनों को पूर्ण करेगी। इस अवसर पर सरिता अग्रवाल ने वार्ड प्रभारी शशिकांत शर्मा संयोजक दीपक सिंह, गर्वजीत सिंह, प्रीति गुप्ता, पंकज विश्वकर्मा, रंजीत कुमार राम आदि स्थानीय लोगों के साथ पवहारी बाबा का दर्शन प्रणाम कर प्रचार अभियान के लिए प्रस्थान किया। भाजपा ने सायंकाल नगर पालिका क्षेत्र में भाजपा के अध्यक्ष एवं सभासद पद के उम्मिदवारों को जीत के लिए रथयात्रा के माध्यम से रोड शो किया। भाजपा जिला कार्यालय से जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह के नेतृत्व मे रथयात्रा नगर क्षेत्र के भुतहियाटाड़, लंका, विशेश्वरगंज, मिश्रबाजार, प्रकाश टाकीज, टाउनहाल, नखास, रूईमंडी, उर्दू बाजार होकर लकड़ी टाल, तुलसियापुल, एमएच इंटर कॉलेज, रजदेपुर, गोइजीतर, झुन्नूलाल चौराहा, महुआबाग के रास्ते कचहरी, सिंचाई विभाग चौराहा, गोराबाजार, फाक्सगंज होते आदर्श बाजार पहुंच कर समाप्त हो गई।



## फैमिली प्लानिंग में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# लाभार्थियों को परिवार स्थिरीकरण की सुविधा प्रदान करने में देंगे योगदान: डॉ. भैरव

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान नगरी क्षेत्र में परिवार नियोजन के लिए बेहतरीन कार्य और सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश अग्रवाल ने बताया कि यह सम्मान समारोह जिला महिला चिकित्सालय स्थित सभागार में आयोजित समारोह में हुआ। इसमें नगरी स्वास्थ्य केंद्रों, जिला महिला चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय की स्टाफ नर्स, डॉक्टर, एएनम, हेल्प डेस्क मैनेजर, हॉस्पिटल मैनेजर एवं एनयूएचएम स्टाफ एवं नगरी आशा कार्यकर्ताओ के साथ सहयोगी संस्था पीएसआई इंडिया और सीफार के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भैरव पाण्डेय ने कहा कि मऊ नगर क्षेत्र के सभी सहयोगी संस्थाओं प्रतिनिधियों ने परिवार कल्याण के लिए सराहनीय कार्य किया है। आगे भी हम सबको मिलकर अच्छा कार्य करते हुए अधिकाधिक लाभार्थियों को परिवार स्थिरीकरण की सुविधा प्रदान करने में अपना योगदान देंगे। मंडलीय परिवार नियोजन सलाहकार आशीष त्रिपाठी ने कहा कि अभी हमें डिलीवरी के सापेक्ष में परिवार नियोजन की सुविधाओं को अधिक से अधिक लाभार्थी को दिलाने के लिए प्रयास की जरूरत है।

मंडलीय शहरी स्वास्थ्य समन्वयक सुरेश कुमार ने बताया कि आने वाले समय में अति शीघ्र ही हम एक नई नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में शुरू करने जा रहे हैं, इसके लिए बिल्डिंग के साथ स्टाफ की भर्ती की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविंद्र नाथ ने बताया कि शहरी क्षेत्र में शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में जितनी भी रिक्तियां है उन्हें अति शीघ्र भरने का प्रयास किया जा रहा है। पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि केवल सिंह सिसोदिया ने विगत तीन सालों में नगरी स्वास्थ्य केंद्रों में दी गयी परिवार नियोजन की उपलब्धियों के बारे में बताया। डीसीपीएम एनएचएम संतोष सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि सभी सहयोगी संस्थाओ के प्रतिनिधियों की ओर से किये जा रहे सराहनीय कार्य के साथ पीएसआई ने परिवार नियोजन पर जो सहयोग प्रदान किया है वह प्रशंसनीय है।

शहरीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कॉर्डिनेटर देवेन्द्र प्रताप ने कार्यक्रम का समापन करते हुए सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अरविंद वर्मा डीईआईसी मैनेजर, डॉ. जावेद अख्तर, फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार दुबे, बबलू कुमार, हेल्प डेस्क मैनेजर राम प्रवेश यादव, स्टाफ नर्स सोनू रानी राय, अंकिता दूबे, प्रीति सिंह, अंकिता यादव, सुनीता उपाध्याय, आशा रम्भा गुप्ता, उषा पांडेय, ममता पांडेय, निशा यादव पीएसआई इंडिया से प्रियंका सिंह, आस्था पांडेय, प्रियंका तिवारी, पुष्पा यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### फर्जी वोटर आईडी बनाने वाले लोगों पर लगाया जाएगा रासुका: एसपी ओमवीर सिंह

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद नगर निकाय चुनाव को लेकर कोतवाली मुहम्मदाबाद में सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सदस्य पद के प्रत्याशियों की बैठक बुधवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि सभी प्रत्याशी आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करेंगे। उन्होंने बताया कि नगर में किसी भी व्यक्ति के मकान दरवाजे एवं दीवाल, सार्वजनिक स्थान सरकारी पोल आदि पर अपने चुनावी पोस्टर बैनर बिना परमिशन के न लगाएं। उन्होंने चुनाव के समय गलत एवं फर्जी आईडी पर वोटिंग करने वाले व्यक्तियों को चेतावनी दी तथा कहा कि जो भी लोग फर्जी वोटर आईडी पर वोट देते पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। साथ ही आधार कार्ड व वोटर आईडी बनाने वाले दुकानदारों को भी अभियान चलाकर चेकिंग करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति गलत आधार कार्ड एवं वोटर आईडी बनाते हुए पकड़ा जाएगा। उनके खिलाफ गैंगस्टर एवं रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी दलों के प्रत्याशियों से चुनाव के समय होने वाली असुविधा आदि के बारे में भी उनकी राय जानी और बताया कि जो भी व्यक्ति दिव्यांग एवं अतिवृद्धि होगा। उसे उसके लिए वाहन की भी छूट दी जाएगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी भारत भार्गव, एसपी ग्रामीण बलवंत, सीओ हितेंद्र कृष्ण, कोतवाल घनानंद त्रिपाठी, एसएसआई राजीव त्रिपाठी के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र राय, भाजपा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संदीप उर्फ दीपू गुप्ता, सपा प्रत्याशी रईस अहमद, कांग्रेस प्रत्याशी सुकुरूउल्लाह वारसी आप से अमीर हमजा निर्दल, तेज बहादुर यादव सभासद प्रत्याशी, सितारा देवी व लड्डू भाई आदि लोग उपस्थित रहे।



### मतदान से 48 घंटे पहले बंद रहेगी शराब की दुकान

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान से 48 घंटे पूर्व से मतदान की समाप्ति तक तथा मतगणना शुरू होने से एक दिन पूर्व की शाम 6 बजे से मतगणना की समाप्ति के दिनांक को रात्रि 12 बजे तक समस्त आबकारी दुकाने (देसी तथा विदेशी शराब बीयर की थोक एवं फुटकर दुकान, मॉडल शाप, भांग एवं ताडी की दुकान) पूर्ण रूप से बंद रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार ने एक आदेश जारी कर कहा है कि जनपद में 11 मई को होने वाले चुनाव के दृष्टिगत 9 मई की शाम 6 से 11 मई की शाम 6 बजे तक यह सभी दुकानें बंद रहेंगी। इसी प्रकार 13 मई को होने वाली मतगणना को देखते हुए 12 मई की शाम 6 बजे से मतगणना समाप्ति के दिन रात्रि 12 बजे तक दुकानें बंद रहेंगी।



### गाजीपुर में उपमुख्यमंत्री का आगमन कल

**गाजीपुर।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक गुरुवार को मुहम्मदाबाद आएंगे। उनके आगमन को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक 28 अप्रैल को निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संदीप गुप्ता के समर्थन में जनसभा करेंगे। उप मुख्यमंत्री का अधिकारिक कार्यक्रम आने के बाद प्रशासनिक अफसर सक्रिय हो गए हैं। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जनपद देवरिया में सभा करने के बाद दिन में 1-20 बजे पुलिस लाइन देवरिया से मुहम्मदाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। दो बजे मुहम्मदाबाद अष्ट शहीद इंटर कालेज में आगमन के बाद 2-05 बजे कार्यक्रम स्थल शंकर कोल्ड स्टोरेज मुहम्मदाबाद में पहुंचकर चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। 2.50 बजे शंकर कोल्ड स्टोरेज से प्रस्थान कर तीन बजे अष्ट शहीद इंटर कालेज मुहम्मदाबाद पहुंच कर पुलिस लाइन वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शंकर कोल्ड स्टोरेज पहुंच कर कार्यक्रम स्थल व अष्ट शहीद इंटर कालेज मुहम्मदाबाद का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिनस्थों को आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत, उपजिलाधिकारी भारत भार्गव, क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण, कोतवाल घनानंद त्रिपाठी, एसआई राजीव त्रिपाठी, भाजपा नेता विरेन्द्र राय, प्रमोद राय, डा. ओमप्रकाश गिरी, संजय यादव आदि मौजूद रहे।



### डीएम-एसपी ने जेल का किया औचक निरीक्षण

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर बुधवार की शाम को अचानक जिला जेल पहुंच गए। भारी संख्या में पुलिस के जवानों के साथ पहुंचे अधिकारी द्वय ने एक साथ सभी बैंरकों की जांच की। कैदियों से बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं। जेल की व्यवस्था को लेकर तथा जरूरी जानकारी नहीं होने पर जिलाधिकारी ने जेलर राजेंद्र सिंह को कड़ी फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि जेल में सफाई व्यवस्था बेहतर रखी जाए। जो भी आवश्यक रजिस्टर हैं, उनको हमेशा अपडेट रखा जाए और जेलर हर जानकारी से अपडेट रहें। निरीक्षण के दौरान साथ में गए इंस्पेक्टर और पुलिस के जवानों को अलग-अलग टुकड़ी बनाकर सभी बैरकों में एक साथ भेजी गई। हालांकि, चेकिंग के बाद कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। जिलाधिकारी ने कैदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा। जेल के अस्पताल में जिलाधिकारी पहुंचे तो वहां कोई मेडिकल स्टाफ नहीं था। इस पर उन्होंने सवाल किया कि किसी न किसी मेडिकल स्टाफ को तैयार रहना चाहिए। स्टाफ की ड्यूटी लगी थी, उनके बारे में पूरी जानकारी तलब की। जेल में जाम नालियों की सफाई को लेकर भी उन्होंने कड़े निर्देश दिए।



### ज्योति ने यूपी में हासिल किया पांचवां रैंक

**गाजीपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के वर्ष 2023 के हाईस्कूल-इंटर का परीक्षाफल घोषित हो गया है। जारी किए गए रिजल्ट के मुताबिक जनपद की ज्योति यादव ने इंटर की यूपी टॉप-10 की लिस्ट में पांचवी रैंक हासिल की है। पंडित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज सिखड़ी की इंटरमीडिएट की छात्रा ज्योति यादव ने यूपी बोर्ड एग्जाम में 96.6 प्रतिशत नंबर हासिल करते हुए यूपी टॉप 10 की लिस्ट में पांचवी रैंक हासिल की। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के ओडराई गांव की रहने वाली ज्योति यादव के पिता नंदलाल यादव गुजरात में प्राइवेट जॉब करते हैं। माता रूबी यादव घरेलू महिला हैं, जबकि ज्योति का छोटा भाई अमन हाई स्कूल का छात्र है और सबसे छोटी बहन जया आठवी की छात्रा है। बता दें कि ज्योति यादव वाराणसी में रहकर मेडिकल की तैयारी कर रही है। इसके अलावा पंडित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज से श्वेता तिवारी और स्वामी आत्मानंद इंटर कॉलेज टोडरपुर के दानिश अंसारी ने यूपी टॉपर्स की सूची में नौवां रैंक हासिल किया है।